Cambridge Assessment International Education

# Cambridge International AS Level

**HINDI** **8675/04**

Paper 4 Texts **October/November 2022**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2022 series for most Cambridge IGCSE™, Cambridge International A and AS Level components and some Cambridge O Level components.



© UCLES 2022

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptors for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:

Marks must be awarded in line with:

- the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question
- the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question
- the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:

Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:

Marks must be awarded **positively**:

- marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate
- marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do
- marks are not deducted for errors
- marks are not deducted for omissions
- answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:

Rules must be applied consistently, e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:

Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:

Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind.

© UCLES 2022

**Component 4: Texts**

Candidates must write their answers in the target language. Examiners will look for a candidate's ability to communicate effectively and will ignore linguistic errors which do not impede communication.

**Passage-based questions**

Examiners should consider the extent to which candidates have been able to identify the significant issues raised in the passage and, where appropriate, have applied these to the text as a whole. The passage is a stimulus passage, to be used as a springboard to give candidates a starting point for their answer. Examiners should allow candidates to use the passage as they choose, and ask themselves how successfully the candidates have manipulated their material and to what extent they have shown depth of awareness and knowledge of the workings of the text under discussion. This is not an exercise in literary criticism: Examiners should reward candidates whose answers show good understanding of how a text works and how an author has conveyed the key issues.

**Essay questions**

A prime consideration is that candidates show detailed knowledge and understanding of the text.

**Extracts from Examiners' Notes**

This paper is intended to test candidates' knowledge of a text and their ability to use this knowledge to answer questions in a clear and focused manner. A sophisticated literary approach is not expected (though at the highest levels it is sometimes seen), but great value is placed on evidence of a first-hand response and thoughtful, personal evaluation of what candidates have read. Candidates may have been encouraged to depend closely on prepared notes and quotations: quotation for its own sake is not useful, though it will not be undervalued if used appropriately to illustrate a point in the answer.

Candidates do not tend to show all the qualities or faults described in any one mark-band. Examiners attempt to weigh all these up at every borderline, in order to see whether the work can be considered for the category above. At the lower levels, the answer may mention a few 'facts' but these may be so poorly understood, badly organised and irrelevant that it falls into category 10–11; or there may be just enough sense of understanding and focus for the examiner to consider the 12–13 band. Again, at a higher level, an answer may be clear, solid and conscientious (perhaps 18–19), without showing quite the control and attention to perceptively chosen detail which would justify 20 or more.

Examiners take a positive and flexible approach and, even when there are obvious flaws in an answer, reward evidence of knowledge and especially any signs of understanding and careful organisation.

© UCLES 2022

Candidates are expected to write 500–600 words for each of their answers. Candidates who write more than 600 words cannot be placed higher than the 16–17 category in the Mark scheme.

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |

© UCLES 2022

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **<u>भाग 1</u>** | |
| 1 | **सूरसागर सार - सूरदास और श्रीरामचरितमानस - तुलसीदास** | |
| 1(a) | प्रस्तुत पद सूरसागर सार के विनय तथा भक्ति खंड से उद्धृत है। हिंदी साहित्य में कृष्ण-भक्ति का प्रसार करने वाले कवियों में सूरदास का मूर्धन्य स्थान है। महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। वे महाकवि तो थे ही, पर कवि होने से पहले भक्त थे। सूरदास ने श्री वल्लभाचार्य जी से दीक्षा ली थी। वल्लभाचार्य पुष्टिमार्गी थे। अतः सूरदास पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव अनिवार्य रूप से पड़ा था। पुष्टिमार्ग के अनुसार कृष्ण का अनुग्रह ही पुष्टि है। कृष्ण उपास्य देव और परमब्रह्म परमेश्वर है जो अवतार लेता है और अपने भक्तों को प्रसन्न करता है। इस प्रकार एक ओर तो वह अक्षर पारब्रह्म है और दूसरी ओर भक्तवत्सल मानुष-रूपधारी एवं लीला-बिहारी कृष्ण है। उनकी महत्वपूर्ण काव्य रचना सूरसागर श्रीमद्भागवत पर आधारित है।<br><br>वल्लभाचार्य जी से दीक्षा लेने के पहले सूरदास ने विनय के पद ही लिखे थे। इस पद में दैन्य, दास्यभाव, भक्तवत्सलता, समर्पण और प्रभुकृपा पर अटूट विश्वास दर्शनीय है। करुणानिधान प्रभु की भक्तवत्सलता के अनेक उदाहरणों द्वारा सूरदास यह प्रतिपादित करते हैं कि उनकी कृपा का पात्र बनने के लिए सबसे बड़ी योग्यता उनकी भक्ति है। प्रभु शरणागत से कभी विमुख नहीं होते - उनकी भक्तिभावना की यह आधारशिला है।<br><br>सूरदास प्रभु की कृपा की महिमा का वर्णन कर रहे हैं। जिस पर दीनानाथ भगवान द्रवित होते हैं वही वास्तव में अच्छे कुल वाला तथा सुंदर स्वरूप वाला है। अर्थात् ईश्वर की कृपा व्यक्ति को उदात्त बना देती है। आगे चलकर अनेक उदाहरणों द्वारा सूरदास अपनी आस्था की पुष्टि करते हैं। विभीषण एक निर्धन राक्षस मात्र था, किंतु भगवान ने प्रसन्न होकर उसके सिर पर छत्र रखा और उसे लंका के सिंहासन पर आसीन किया। रावण से महान कोई राजा नही था, किंतु वह अपने गर्व में विनष्ट हो गया। सुदामा से अधिक निर्धन और अकिंचन कौन हो सकता था, पर प्रभु ने उसे अपने समान वैभवशाली बना दिया। अजामील से अधिक अधम कौन हो सकता था, किंतु भगवत कृपा से यमदूत उसके पास जाने से डरने लगे। नारद से अधिक विरक्त कौन हो सकता था, पर वे रातदिन भ्रमणशील रहते हैं। शंकर के सदृश योगी कोई नहीं है, पर वे भी कामदेव द्वारा छले गए। कुब्जा जैसी कुरूप स्त्री भगवान को पति रूप में पाकर तर गई। सीता जैसी रूपवती स्त्री को वियोग में जीवन बिताना पड़ा। भगवान की यह गति और मति अर्थात् प्रवृत्ति और स्वभाव कोई नहीं जानता है कि वे भक्त की किस विशेषता पर रीझ जाएँगे। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(a) | सूरदास कहते हैं कि भगवान के भजन के बिना मनुष्य को बार-बार जन्म लेकर जठराग्नि में जलना पड़ता है। भगवत भजन से ही जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाई जा सकती है। इस प्रकार अनेक पौराणिक उदाहरणों द्वारा सूरदास प्रभु की भक्तवत्सलता और अनायास कृपा करने की प्रवृत्ति पर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। प्रभु की शरण में आने पर वे भक्तों को कभी निराश नहीं करते। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | महाकवि तुलसीदास का नाम हिंदी साहित्य में सगुणोपासक भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। तुलसीदास राम भक्त पहले और महाकवि बाद में हैं। राम को मनुष्य रूप में वर्णित करते समय तुलसी भगवान राम के अलौकिक रूप और उनकी लीला के उद्देश्य का सदा स्मरण कराते रहते हैं। श्री रामचरित मानस की रचना का प्रमुख उद्देश्य भगवान श्री राम का मनुष्य रूप में अवतार लेकर दुष्टों का दमन, साधुओं का परित्राण और धर्म की स्थापना करना है। राम-कथा में इस उद्देश्य की पूर्ति रावण के वध, विभीषण के राज्याभिषेक और राम, सीता, लक्ष्मण तथा हनुमान के अयोध्या लौटने पर राम के राज्यारोहण से हुई।<br><br>उत्तरकाण्ड रामकथा का उपसंहार है। सीता, लक्ष्मण और समस्त वानर सेना सहित श्रीराम के अयोध्या लौटने पर रघुकुल एवं समस्त नगरवासियों में आनंद छा गया। वेदों के मंत्रोच्चार और शिव की स्तुति के साथ श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। इस खण्ड में तुलसीदास ने धर्म के संस्थापक राजा के रूप में राम की महिमा की प्रशस्ति की है। ऐसा करते हुए वे बीच-बीच में यह स्मरण कराना नहीं भूलते कि वस्तुत: श्रीराम परमब्रम्ह परमेश्वर हैं और लीला कर रहे हैं। श्रीराम ने मनुष्य के रूप में अवतार लेकर सामाजिक मर्यादा का आदर्श प्रतिष्ठित किया है।<br><br>तुलसीदास के आराध्य श्रीराम स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उनकी रामराज्य की परिकल्पना एक आदर्श सामाजिक व्यवस्था की प्रतीक है। एक ऐसा समाज जहाँ मनुष्य और जड़-चेतन प्रकृति में अपूर्व सामंजस्य है। राजा और प्रजा के साथ-साथ जहाँ प्रकृति और वन्य पशु तक अपनी मर्यादा का पालन करते हैं। मानवीय और प्राकृतिक मूल्यों की स्थापना करके तुलसी ने एक आदर्श समाज की परिकल्पना की है।<br><br><u>सामाजिक व्यवस्था</u>: सब लोग अपने-अपने वर्ण और आश्रम के अनुकूल धर्म में तत्पर हुए सदा वेद मार्ग पर चलते हैं। उन्हें किसी प्रकार के रोग, शोक या भय नहीं सताते हैं। राम-राज्य में दैहिक, दैविक और भौतिक ताप किसी को नहीं व्यापते। धर्म के चारों चरण - सत्य, शौच, दया और दान पूरी तरह से पालन किए जाते हैं। सभी नर-नारी राम भक्ति पारायण कर मोक्ष के अधिकारी हैं। कोई भी दरिद्र, दीन दुखी या अज्ञानी नहीं है, अकाल मृत्यु, रोग अथवा शोक नहीं व्यापते हैं। सभी धर्म परायण, दम्भ-रहित, बुद्धिमान और पुण्यात्मा हैं। यह एक ऐसा समाज है जिसमें दण्ड केवल सन्यासियों के हाथ में और भेद केवल नर्तकों और नृत्य समाज में है। जीत शब्द केवल मन को जीतने के लिए ही सुनाई देता है। राजनीति में शत्रुओं को जीतने और चोर डाकुओं का दमन करने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद - ये चार उपाय किए जाते हैं। राम राज्य में कोई शत्रु या अपराधी है ही नहीं, इसलिए किसी को दण्ड देने की आवश्यकता नहीं होती। सभी के अनुकूल होने के कारण भेद नीति की भी आवश्यकता नहीं रही। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | पारिवारिक सामंजस्य: सीता जी शोभा और विनम्रता से परिपूर्ण हैं, वे पति के सदा अनुकूल रहती हैं। भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न तीनों भाई श्रीराम के चरणों में अगाध प्रीति रखते हुए उनकी आज्ञा का पालन करते हैं। प्रतिदिन प्रात:काल वे स्नान आदि से निवृत्त होकर गुरू वशिष्ठ जी से वेद और पुराणों की कथा सुनते हैं। श्रीराम का अपने भाइयों पर अपार स्नेह और गुरू वशिष्ठ के प्रति अनन्य श्रद्धा तथा आदर का वर्णन करके तुलसीदास पारिवारिक आदर्श की स्थापना करते हैं - एक ऐसा आदर्श जहाँ अपने से छोटों को स्नेह और गुरूजनों को आदर दिया जाता है।<br><br>प्रकृति और वन्य पशु:<br>वनों में वृक्ष सदा फलते-फूलते हैं। शेर और हाथी पारस्परिक वैर-भाव भूल कर सदा एक साथ विचरण करते हैं। पशु-पक्षियों ने वैर भाव भुलाकर आपस में प्रेम बढ़ा लिया है। पक्षी मीठे स्वर में कूजते हैं और भाँति-भाँति के पशुओं के समूह निर्भय होकर वन में विचरण करते हैं। शीतल, मंद, सुगंधित पवन बहता है और भौरे पुष्पों का रस लेते हुए गुंजार करते हैं। लता और वृक्ष मांगने से ही मकरंद टपका देते हैं, गौएँ मनचाहा दूध देती हैं, धरती सदा खेती से भरी रहती है। जगत की आत्मा भगवान श्रीराम को संसार का राजा जानकर पर्वतों ने अनेक प्रकार की मणियों की खानें प्रस्तुत कर दी हैं और नदियाँ श्रेष्ठ, शीतल, निर्मल, सुखद और स्वादिष्ट जल प्रवाहित करने लगी हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के राज्य में समुद्र भी अपनी मर्यादा में रह कर लहरों के द्वारा तट पर मनुष्यों के लिए रत्न अर्पित कर देते हैं। सरोवर कमलों से परिपूर्ण हैं और दसों दिशाओं के विभाग अति प्रसन्न है।<br><br>तात्पर्य यह है कि प्रकृति और मानव समाज सभी में सुख-शांति, समृद्धि, संतोष, उदारता और प्रफुल्लता है। रामराज्य में त्रेतायुग में सत्ययुग की स्थिति हो गई है। राम के शासनकाल में अभाव, क्षुद्रता आदि नकारात्मक भावनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। रामराज्य की यह आदर्श परिकल्पना है। उत्तरकांड में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के धर्म-संस्थापक-शासक रूप के दर्शन होते **हैं**। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | सुमित्रानंदन पंत छायावाद के प्रमुख कवि और 'ताज' उनकी प्रगतिवादी विचाराधारा की प्रतिनिधि कविता है।<br>पंत की रचनाओं में संवेदना की दृष्टि से निरंतर विकसनशीलता के दर्शन होते हैं। प्रारम्भिक कविताओं में प्रकृति के सुकुमार रूप की छवि दिखाई देती है। 'पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश' को शब्द, लय और ताल में बाँध कर छायावादी अभिव्यंजना शैली में लिखी गई कविताएँ उस काल की उत्कृष्ट निधि हैं। पर कवि का सजग मन निरंतर चिंतनशील रहा है और 'पावस ऋतु थी पर्वत प्रदेश' के मोह से उतरकर यथार्थ के धरातल पर आकर प्रगतिवादी विचारधारा को छायावाद की प्रांजल भाषा शैली में प्रस्तुत करने लगा। चेतना के विकास के तीसरे चरण में पंत पर अरविंद दर्शन की मुहर लग गई थी।<br><br>'ताज' कविता में कवि ने शोषक वर्ग के प्रति आक्रोश और शोषित वर्ग के प्रति सहानुभूति प्रकट करने के लिए ताजमहल को आधार बनाया है। कविता का प्रारंभ ही एक दुराशापूर्ण शब्द 'हाय' से हुआ है जो कवि की मनोदशा का द्योतक है। जब जीवित व्यक्ति का जीवन कष्ट भरा और निर्जीव हो रहा है ऐसे में मृत व्यक्ति की स्मृति को अमर बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च करने के औचित्य पर कवि प्रश्नचिन्ह लगाता है। जब जीवित व्यक्ति जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं से वंचित, नंगे, भूखे और वासविहीन हों उस स्थिति में श्वेत संगमरमर के महल में मृत्यु का श्रृंगार करने का प्रतीक ताजमहल कवि के मन को अत्यंत क्षुब्ध करता है। जीवित मानव के प्रति उपेक्षा जनित विरक्ति और मृतक के प्रति आसक्ति का विरोधाभास कवि के मन को उद्वेलित करता है।<br><br>प्रस्तुत अंश में 'विरक्ति'और 'रति' के परस्पर विरोधी शब्दों के प्रयोग से संवेदना की सशक्त अभिव्यक्ति उल्लेखनीय है। कवि समाज से बार-बार प्रश्न पूछता है कि क्या यही सच्चा प्रेम है कि हम मरण को चुने और जीवितों की उपेक्षा कर उनको मरने के लिए छोड़ दें? यदि ऐसा हुआ तो विश्व केवल प्राणरहित अस्थि-पंजर का ढेर बन कर रह जाएगा।<br><br>कवि के अनुसार ताजमहल विगत युग की रूढ़ियों का प्रतीक है। कवि का विचार है कि हमारे मन में जो युगों से चले आए नियम और आदर्श हैं, उनके मोहपाश से हम आज भी मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। उनसे जुड़े रहने के कारण हम भूल गए हैं कि मृतक की पूजा करने वाला स्वयं भी मृत है, ईश्वर तो उसी के संबल हैं जो जीवितों का सम्मान करता है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(a) | ताजमहल को वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण और प्रेम को अमरत्व प्रदान करने का स्मारक माना जाने की पुरानी रूढ़िवादी विचारधारा को कवि की चुनौती देने में उनकी प्रगतिवादी विचारधारा और मानवतावादी संवेदना की सशक्त अभिव्यक्ति है।<br><br>उत्तर में भावपक्ष के साथ पंत की भाषा-शैली की प्रांजलता और विरोधावभास द्वारा प्रभाव उत्पन्न करने की क्षमता पर टिप्पणी अपेक्षित है। पंत गहन अनुभूति के कवि हैं और उनकी कविता की भाषा आंतरिक अनुभूति की गहनता को वहन करने में पूर्णत: सक्षम है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | निराला गहन अनुभूति के कवि हैं उनकी कविता की संवेदना उनके जीवन के उतार-चढ़ाव के अनुभवों की गहनता को निर्मम सच्चाई से अभिव्यक्त करती है। उनकी 'ध्वनि' एवं 'गहन है यह अंध कारा' कविताओं में छायावाद की परिभाषा, "जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिन्दी में उसे छायावाद नाम से अभिहित किया गया।" पूरी तरह से लागू होती है। ये दोनों कविताएँ निराला की आत्माभिव्यंजना की कविताएँ हैं जो उनके व्यक्तिगत जीवन के दो अनुभव खण्डों को पारदर्शी रूप से व्यक्त करती हैं।<br><br>निराला की कविताओं में भाव और शिल्प की विविधता दृष्टिगत होती है। इस तरह निराला ने काव्य भाषा को मुक्त कर एक ऐसी भाषा का प्रणयन किया है जो अनुभूति के स्तर की है। निराला ने भाषा को अनुभूति से जोड़कर शब्द की आत्मा से तादात्म्य स्थापित किया। उनके काव्य प्रयोगों की विविधता और मौलिकता ने अनेक काव्य आयाम को जन्म दिया और वे एक ही स्तर पर विविध भाषा प्रयोग कर सके। भाषा के प्रति जितनी उत्सुकता, जिज्ञासा और सर्जनात्मक शक्ति उनकी कविता में पाई जाती है उतनी अन्य किसी छायावादी कवि में नहीं। निराला जी शब्दों से अपनी संवेदना का तादात्म्य बनाकर सार्थक शब्दों की खोज कर उन्हें पूरी तरह से रचना में उतार लाते हैं। भाव के आवेग के साथ उनका पूरा जीवन घुल मिल जाता है और जो काव्य रचना होती है वह निराला की पूरी जीवन शक्ति का संश्लेष बन जाती है। भाव के अनुसार भाषा और लय का निर्वाह करने वाले निराला प्रचंड प्राणशक्ति, दुर्दमनीय जिजीविषा तथा सूक्ष्म संवेदना के कवि है। निराला जी संवेदना को लेकर भाषा से जुड़ते हैं वह मानवीय अस्तित्व को उसकी सघनता और जटिलता में चित्रित करने वाली होती है। इस प्रकार आत्मसंघर्ष की मन:स्थितियों के जितने रूप निराला में दिखाई देते हैं उतने अन्य किसी कवि में देखने को नहीं मिलते।<br><br>जीवन में जहाँ विरोधाभास है, वहाँ काव्य भी विरोधाभासों से अछूता न रह सका और जीवन के विरोधाभासों की अभिव्यक्ति निराला के काव्य में विरोधाभासों के रूप में देखने को मिलती है। कुछ बेतुके अटपटे और विचित्र से लगने वाले शब्द प्रयोगों में भी गहरी भाव संकुलता और आंतरिक साम्य होता है। मुकुटधर पांडे के अनुसार 'उसमें किसी दृश्य का जो का त्यों चित्र उतारा जाता है। पर शब्द ऐसे वेगों वाले प्रयुक्त किए जाते हैं कि भाषा उड़ती हुई जान पड़ती है।' भाषा की संगति और गहनता देखने के लिए एक विशेष दृष्टि चाहिए जो चमत्कारिकता से दूर मूल में बैठती हो। निराला जी की रचनाओं में भीतर का उद्वेग शब्दों की लयात्मकता में इस प्रकार घुल-मिल गया है कि वहाँ अलग से किसी चमत्कारिकता का प्रदर्शन नहीं होता और रचना एकान्विती द्वारा अर्थबोध देती है। | **25** |

© UCLES 2022

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | उन्होंने भाषा में शब्दों के लिए नए संयोजन, छंद के नए-नए प्रयोग, शब्दों की उचित संगति आदि के साथ पुरानी लीक से हटकर शब्दों और वाक्यों के संबंधों की आधारशिला को नए सिरे से रखा है। वे किसी भी भाव अथवा भाषिक शब्दों से परहेज नहीं करते। यह भाषा की अभिव्यंजना समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। जहाँ कहीं भी निराला को अनुरूप अभिव्यंजना दिखी चाहे वह संस्कृत, बंगला अथवा 'ठेठ' ग्रामीण भाषा के शब्द हों वे उन्हें हिंदी में ले आए और हिंदी को नए सौंदर्य से मंडित कर हिंदी का शब्द भंडार और उसकी व्यंजना शक्ति को भर दिया। समस्त छायावादी कवियों में निराला ने तत्सम शब्दावली का प्रयोग बहुलता से किया। इसका मुख्य कारण कोमल कांत पदावली की रचना और उदात्त गंभीर भावों की अभिव्यक्ति का समाहार करना था। उदाहरण: 'ध्वनि' कविता में शब्दों के चयन से कवि पाठक के समक्ष उदात्त चित्र खींच पाता है।:<br>'मैं ही अपना स्वप्न-मृदुल-कर<br>फेरूँगा निद्रित कलियों पर<br>जगा एक प्रत्यूष मनोहर'<br><br>निराला के लिए शब्द उनकी संवेदना को सम्प्रेषित करने का वाहन है। यदि वह भाव को पूर्ण रूप से व्यक्त करता है तो निराला उस शब्द के प्रयोग से हिचकिचाते नहीं। क्योंकि वे भाव व्यंजकता को अधिक महत्व देते हैं। आचार्य नंददुलारे वाजपेई ने ठीक ही लिखा है, 'कवि की महान प्रतिभा अज्ञात स्थलों के शब्दों का चयन कर लेती है और उसे अपने विषय अनुसार प्रयुक्त करती है।' निराला शब्दों को उस छोर पर जाकर पकड़ते हैं जहाँ उसके भीतर सघन स्वर कवि के मोहन संगीत को ध्वनित कर सके यही कारण है कि उनकी भाषा में ध्वन्यात्मकता तथा संगीतात्मकता अधिक पाई जाती है:<br>'कल्पना का ही अपार समुद्र यह,<br>गरजता है घेरकर तनु रुद्र यह,<br>कुछ नहीं आता समझ में<br>कहाँ है श्यामल किनारा।'<br><br>निराला की भाषा संस्कृत और बंगला भाषा की शब्दावली और उनके संगीत ज्ञान के प्रभाव से उत्पन्न गति, लय और ताल से समृद्ध है। परिणाम स्वरूप उनके काव्य में ध्वन्यात्मक संगीतात्मकता का उत्कर्ष सहज ही देखा जा सकता है। वास्तव में शब्दों के अर्थ से जो चित्र बनते हैं उन से मिलते जुलते चित्र निराला ध्वनि से बनाते हैं। इसलिए उनकी काव्य भाषा छायावादी कवियों में सबसे अलग रूप से प्रमुखता से उभर कर आती है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **मैथिलीशरण गुप्त - साकेत** | |
| 3(a) | प्रस्तुत काव्यांश हिंदी के प्रसिद्ध कवि मैथिलीशरण गुप्त के 'साकेत' महाकाव्य के द्वितीय सर्ग से उद्धृत है। 'साकेत' की रचना का मूल उद्देश्य रामकथा में उपेक्षित उर्मिला के प्रति न्याय करना था। गुप्त जी राम के परम भक्त थे, किंतु 'साकेत' की रचना प्रक्रिया में वाल्मीकि और तुलसीदास द्वारा उर्मिला के त्यागमय जीवन की उपेक्षा का प्रतिकार करने की प्रेरणा थी।<br><br>द्वितीय सर्ग में राम के युवराज बनने की सूचना, कैकेयी-मंथरा संवाद और कैकेयी का मानसिक ऊहापोह वर्णित है। राम के राज्यारोहण की सूचना से प्रफुल्लित कैकेयी के मन में मंथरा 'भरत से सुत पर भी संदेह, बुलाया तक न उसे जो गेह' कहकर संशय और ईर्ष्या के बीज बोती है। कैकेयी को राम भरत के समान ही प्रिय है, उसके मन में कोई भेद भाव नहीं था, पर मंथरा का कथन, 'सबेरे दिखला देगा अर्क, राजमाता होंगी जब एक, दूसरी देखेंगी अभिषेक', सुनकर उसके मन में संशय का सूत्रपात हुआ।<br><br>गुप्त जी ने इस प्रसंग को अत्यंत मनोवैज्ञानिक रूप से वर्णित किया है। कैकेयी के मन में राम के प्रति भरपूर मातृत्व और कौशल्या के प्रति बहनापे की भावना है, पर मंथरा का कथन बार-बार स्मरण करके वह उद्वेलित होती है। 'साकेत' की कैकेयी स्वाभाविक रूप से ईर्ष्यालु नहीं, उसकी प्रतिक्रिया तात्कालिक और परिस्थितिजन्य है। वह तब भी कौशल्या के लिए 'सरला' शब्द का प्रयोग कर सोचती है कि अदृष्ट उस पर अपना जाल बिछा रहा है। किंतु इन सबसे ऊपर उसका मातृ-हृदय अपने पुत्र के भविष्य से प्रेरित है। वह मन ही मन कौशल्या से पूछती है कि क्या भरत कभी मेरा पुत्र और राम तुम्हारा पुत्र था? दोनों माताओं ने कभी भरत और राम में भेद नहीं किया अत: उसे विश्वास नहीं होता कि कौशल्या जिस भरत को अपना पुत्र समान मानती थी आज वह उस पर अविश्वास कर सकती है। भरत समान पुत्र पर संदेह करके उसे ननिहाल से न बुलाया जाना उसके मन की समस्त सकारात्मक भावनाओं को परास्त कर देता है। परिणाम स्वरूप इस अपमान का बदला लेने की प्रबल भावना जाग जाती है। उसके लिए वह स्वयं को लोभी पुकारे जाने के लिए भी तत्पर है। तुलसीदास ने जहाँ यह प्रसंग 'गई गिरा मति फेर' कर छोड़ दिया, गुप्त जी उसकी मनोवैज्ञानिक गहराई में जाकर कैकेयी के व्यवहार को मानवीय संवेदना प्रदान करते हैं। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(a) | गुप्त जी युग-युग से पीड़ित नारी के उत्थान की भावना से प्रेरित होकर चिर-लांछित कैकेयी के चरित्र के लांछन को धोने का प्रयास करते हैं। उसके निंदित कार्य का कारण न तो दैवी प्रभाव है और न ही मंथरा। कैकेयी स्वयं भी कुटिल नहीं है, वह एक सरल स्वभाव की वात्सल्यमयी माँ है और जब उसके पुत्र के चरित्र पर कोई संदेह करता है तो उसके मातृत्व को चोट पहुँचती है और वह आवेश में आकर अपना विवेक खो बैठती है। कैकेयी के चरित्र की यह व्याख्या गुप्त जी की मौलिक सोच है जो उनकी नारी भावना से प्रेरित हुई है। कविता के भावार्थ सहित यह टिप्पणी अपेक्षित है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | मैथिलीशरण गुप्त की कालजयी रचना साकेत की मुख्य पात्र उर्मिला अपने त्याग और कर्तव्यपरायणता में अप्रतिम है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के उपेक्षिता उर्मिला विषयक लेख से प्रेरित होकर मैथिली शरण गुप्त ने 'साकेत' की रचना की। उसके पहले कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने बंगला साहित्य में रामकथा के अंतर्गत उर्मिला की उपेक्षा पर ख़ेद व्यक्त किया था। राम भक्त गुप्त जी ने वाल्मीकि और तुलसी की परम्परा से चली आई कथा में अनेक मौलिक उद्भावनाएँ कीं जिनमें सबसे प्रधान बात यह है कि 'साकेत' में राम और सीता की कहानी प्रासंगिक और उर्मिला के त्याग की कहानी प्रमुख हो गई। इसका आरम्भ होता है उर्मिला-लक्ष्मण के वाग्विनोद से, जो राम के अभिषेक की सूचना देता है। अभिषेक-सूचना, कैकेयी-मंथरा-संवाद, विदा-प्रसंग, निषाद-मिलन, दशरथ-मरण, भरत-आगमन, चित्रकूट-मिलाप तक के प्रसंग तो 'साकेत' में दृश्य रूप में प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु इसके आगे जाकर कवि उर्मिला को छोड़कर राम के साथ नहीं जा सका। आगे की सारी घटनाएँ वशिष्ठ जी अपनी योग दृष्टि से साकेत-वासियों को दिखाते हैं। 'साकेत' में राम-कथा उसकी पृष्ठभूमि है, उर्मिला उसका केन्द्रीय पात्र और उर्मिला-विरह ही उसकी मुख्य संवेदना है!<br><br>प्रथम सर्ग में "कनक लतिका भी कमल सी कोमला" नवविवाहिता उर्मिला का परिचय देकर उसके वाग्वैधग्य की झलक लक्ष्मण-उर्मिला संवाद में चित्रित है। इसके उपरांत वियोग का हृदय-विदारक दृश्य आता है। दशरथ ने सत्य का आलम्बन लिया, कौशल्या ने मातृ आदर्श का पालन किया, सुमित्रा ने क्षत्राणी का कर्तव्य पालन किया, सीता ने सोचा, "स्वर्ग बनेगा अब वन में", लक्ष्मण ने भी इस भय से कि, "प्रभुवर बाधा पाएँगे, छोड़ मुझे भी जावेंगे" कह दिया, "रहो रहो हे प्रिये रहो", परंतु उर्मिला क्या सोचती? "वह भी सब कुछ जान गई, विवश भाव से मान गई" उसकी मौन विवशता जिसे तुलसीदास नहीं देख पाए, गुप्त जी ने उसकी संवेदना को सहानुभूति दी और यहीं से उर्मिला की महानता प्रारम्भ होती है। "हे मन, तू प्रिय-पथ का विघ्न न बन", में उसका स्वार्थ त्याग भरा हो जाता है। लक्ष्मण अपने भाई के प्रति कर्तव्य पालन कर सकें यही उसकी मनोकामना है चाहे उसके लिए राजमहल में रहकर भी वनवास की यातना सहनी पड़े, "भ्रातृ-स्नेह सुधा बरसे" में उसकी उदात्त भावना व्यक्त है। सीता के शब्दों में "बहन उर्मिला महाव्रता" है उसके त्याग की महानता को सीता "सिद्ध करेगी वही यहाँ, जो मैं भी कर सकी कहाँ" कहकर स्वीकारती है। | **25** |

© UCLES 2022

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | लक्ष्मण के वियोग में उर्मिला अपनी ही छाया भर बन कर रह गई। पति का साथ ना दे पाने का दु:ख उसे सालता है, पर उनके भ्रातृ-प्रेम में बाधा नहीं बनना चाहती उसके लिए तो इतना ही पर्याप्त है कि<br>"आराध्य युग्म के सोने पर<br>निस्तब्ध निशा के होने पर<br>तुम याद करोगे मुझे कभी,<br>तो बस फिर मैं पा चुकी सभी।"<br><br>उर्मिला के चरित्र की गरिमा का उदाहरण , वियोग में भी अधीर होने की जगह परिवार की मंगल कामना करना है। उसे कौशल्या, सुमित्रा आदि माताओं की स्थिति देखकर कष्ट होता है। वह अपनी स्थिति भूलकर उनके प्रति सहानुभूति प्रकट करती है। दशरथ के शब्दों में वह "रघुकुल की असहाय बहू" है। गुप्त जी के अनुसार उसके आँसू कैकेयी के लगाए कुल-कलंक को भी धोने की सामर्थ्य रखते हैं। उर्मिला स्वप्न में भी लक्ष्मण की तपस्या भंग नहीं करना चाहती। स्वप्न में उसे लौटा देखकर चौंक कर उसे वापस जाने को कहती है। कवि के शब्दों में "हुआ योग से भी अधिक, उसका विषम वियोग!" ऐसी विषम स्थिति में भी उसकी संवेदना अयोध्या की विरहिणी नारियों के प्रति है। उर्मिला की संवेदनशीलता का वर्णन करते हुए गुप्त जी ने दर्शाया है कि वह इस भय से मकड़ी के जाले नहीं हटाती कि मकड़ी को कष्ट होगा और पिंजरे में बंद पक्षियों को मुक्त करवाती है। वह परपीड़न की अपेक्षा आत्मपीड़न में विश्वास करती है।<br><br>उर्मिला वियोग में विह्वल होने के बावज़ूद आशावादी है, विरह वेदना उसे सजग और प्रिय के लौटने की प्रतीक्षा जीवित रखती है।<br><br>विरहिणी उर्मिला अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्व को भी नहीं भूलती। घर-गृहस्थी के कर्तव्य, ललित कला में रुचि, खेती बारी आदि सांसारिक दायित्वों का पालन करने तथा अन्य विरहिणी स्त्रियों को सांत्वना देने आदि के प्रसंग उसके चरित्र की गरिमा में वृद्धि करके एक उदात्त भारतीय नारी का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। गुप्त जी भारतीय संस्कृति के आख्याता हैं उर्मिला के रूप में उन्होंने भारतीय नारी के त्याग, आदर्श और आशावादिता को मूर्त किया है। उर्मिला निरंतर विरह-व्यथा सहती हुई भी निराश नहीं होती। वह जानती है कि यह अवधि एक दिन समाप्त होगी। यह सकारात्मक भावना उसकी बड़ी उपलब्धि और गुप्त जी के जीवन दर्शन का सार है। उर्मिला के चरित्र में गुप्त जी की आदर्श नारी की संवेदना प्रतिफलित हुई है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **<u>भाग 2</u>** | |
| 4 | **आधे-अधूरे - मोहन राकेश** | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | मोहन राकेश का 'आधे-अधूरे' नाटक आधुनिक जीवन के अधूरेपन जैसे जटिल और संवेदनशील विषय को पारिवारिक संबंधों के विघटन की त्रासदी के माध्यम से अत्यंत सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में सक्षम है। इस परिवार का हर सदस्य एक-दूसरे से कटा हुआ है। घर की हवा तक में उस स्थायी तल्खी की गन्ध है जो महेन्द्रनाथ, बड़ी बेटी बिन्नी, अशोक और छोटी बेटी किन्नी के मन में ऊब, घुटन, आक्रोश, विद्रूप और दम घोंटनेवाली मनहूसियत के रूप में भरी हुई है। नाटक की भूमिका में पात्रों के परिचय से यह स्पष्ट है। मोहन राकेश के अनुसार, महेन्द्रनाथ में, "ज़िंदगी से अपनी लड़ाई हार चुकने की छटपटाहट" है।, महेन्द्रनाथ परिवार का मुखिया है, वह कभी एक सफल और कर्मठ कारोबारी रहा होगा जिसकी आय से घर में खुशहाली थी। पर वर्षों की बेरोज़गारी और अकर्मण्यता के कारण अब वह नितांत नकारा हो गया है। नाटक में वह एक हारा हुआ, बिखरा सा और परिस्थितियों के सामने घुटने टेक देने वाला व्यक्ति है - शारीरिक रूप से क्लांत, मानसिक रूप से उत्साहहीन और आर्थिक रूप से पत्नी की कमाई पर आश्रित! उसमें न तो आत्मविश्वास है और न ही आत्मसम्मान। वह एक परावलम्बी व्यक्ति है जिसमें अपने दो पैरों पर खड़ा होने की सामर्थ्य नहीं। बड़ी बेटी में "संघर्ष का अवसाद", और व्यक्तित्व में "बिखराव" है। छोटी लड़की के "भाव, स्वर, चाल हर चीज़ में विद्रोह है" लड़के के "चेहरे से झलकती है ख़ास तरह की कड़वाहट।" भाई बहन में परस्पर संवाद केवल अपना आक्रोश और असंतोष व्यक्त करने के लिए होता है। उनमें परस्पर जोड़ने वाले स्नेहसूत्र का नितांत अभाव है। वे अपने जन्म की परिस्थितिवश भले ही एक परिवार में पैदा हुए हैं, उनमें आपसी सामंजस्य है ही नहीं। उनके आपसी सम्बन्ध का अधूरापन घर को एक सुखी परिवार के रूप में स्थापित करने के मिथक को झुठलाता है।<br><br>मोहन राकेश ने पात्रों की मन:स्थिति और संवेदनाओं की टकराहट को तीव्रता से प्रस्तुत किया है। वे सभी अतृप्त, असंतुष्ट, कुंठित क्रुद्ध और आतंकित हैं। इस अभिशप्त परिवार का हर एक सदस्य एक दूसरे से कटा हुआ है, घर की त्रासदायक हवा से वे अपने और एक दूसरे के लिए ज़हरीले हो रहे हैं। महेन्द्रनाथ सावित्री से मन ही मन प्रेम करता है, किंतु उसे जताना नहीं जानता। सावित्री भी उसे कभी चाहती रही होगी, पर विवाह के बाद उसके निकट आने पर उसके प्रति वितृष्णा का अनुभव करने लगी क्योंकि वह उसकी अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ है।, पति-पत्नी जब भी आमने-सामने पड़ते हैं, बात चाहे कहीं से भी शुरू हो, ताने बाजी, बहस, कटुता, आरोप-प्रत्यारोप पर जाकर अटक जाती है। पति-पत्नी के आपसी सम्बंधों में कटुता का एक बड़ा कारण परिवार की बिग़ड़ी हुई आर्थिक परिस्थिति है। पर वह एकमात्र कारण नहीं है। वस्तुत: सावित्री को अपने लिए जिस संपूर्ण पुरुष की आकांक्षा है, उसके समक्ष महेंद्रनाथ अपने को बौना पाता है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | महेन्द्रनाथ की बेकारी की हालत में घर और बाहर का बोझ सँभालते हुए सावित्री अत्यंत कटु हो गई और अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए परपुरुषों का सहारा चाहती है। सावित्री स्वयं एक ऐसी स्त्री है जो सबकुछ पाने की अभिलाषा में घर और बाहर में से किसी एक को भी पूरी तरह से नहीं सँभाल पाती। सच तो यह है कि जो लोग ज़िदगी से बहुत कुछ चाहते हैं उनकी तृप्ति अधूरी ही रहती है।<br><br>उसके असंतोष की प्रतिक्रिया पूरे परिवार पर प्रतिबिम्बित है। बड़ी लड़की अपनी माँ के पूर्वप्रेमी मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से भाग निकली, पर उसके असंतोष ने तब भी उसका पीछा नहीं छोड़ा। अधूरेपन और असंतोष की बेचैनी घर में नहीं बल्कि स्वयं उसके मन में है जिससे छुटकारा पाना संभव नहीं। लड़का, अशोक बेकार और दिशाहीन है। नौकरी की तलाश करने के बजाय वह पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की रंगीन तस्वीरें काटता हुआ इस इंतज़ार में है जब वह भी यहाँ से भाग सकेगा। अपने पिता के लिए उसके मन में करुणा है, मन ही मन उसे अपने पिता के बेचारेपन में अपना भविष्य दिखलाई देता है, और माँ के लिए केवल आक्रोश। वह बड़ी बहन के मनोज के प्रति प्रेम को केवल घर से निकलने का जरिया भर मानता है। क्योंकि प्रेम जैसी उदात्त भावना का उसके मन में अस्तित्व ही नहीं। छोटी लड़की माता, पिता, भाई, बहन - किसी के प्रति लगाव नहीं अनुभव करती। अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के पूरा ना होने पर 'कैंची की तरह जुबान चलाती है।' यौन सम्बन्धों में दिलचस्पी लेकर वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है। मोहन राकेश ने 'आधे-अधूरे' नाटक में युवा पीढ़ी के मोह-भंग, दिशाहीनता और अधूरेपन की सामाजिक समस्याओं का पात्रों की आंतरिक संवेदना के विश्लेषण द्वारा अत्यंत सफलता से चित्रण किया है।<br><br>समसामयिक जीवन की समस्याओं में पति-पत्नी के खण्डित सम्बन्ध, स्त्री की पारम्परिक भूमिका में हुआ परिवर्तन, युवा पीढ़ी की उद्देश्यहीनता (अशोक) और अनुशासन हीनता (छोटी बेटी) पारिवारिक एकाई का विघटन आदि सामाजिक विकृतियाँ वर्तमान समय की ज्वलंत समस्याएँ हैं जो व्यक्ति और समाज के सामंजस्य को लील रही हैं। इस दृष्टि से 'आधे-अधूरे ' केवल एक नाटक ही नहीं, यह हमारे समाज, परिवार और व्यक्ति और उनके पारस्परिक संबंधों में लगातार आए बदलाव का गंभीर समाजशास्त्रीय और मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी है। विवाह और पारिवारिक इकाई जैसी समय-सिद्ध संस्था के विघटन की त्रासदी वर्तमान समय का एक कड़वा यथार्थ है जिसको मोहन राकेश ने बाह्य घटनाओं के संघर्ष के बजाय पात्रों की मन:स्थितियों और संवेदनाओं की टकराहट द्वारा तीव्रता से प्रस्तुत किया है। नाटक में मोहन राकेश ने समसामयिक जीवन एवं सम्बन्धों की उथल-पुथल और आधुनिक व्यक्ति की यातनापूर्ण नियति को बाह्य घटनाओं के संघर्ष के बजाय पात्रों की मन:स्थितियों और संवेदनाओं की टकराहट को अत्यंत सफलता पूर्वक प्रस्तुत किया है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | **'आधे-अधूरे'** नाटक में मोहन राकेश ने पारिवारिक संबंधों के विघटन की त्रासदी जैसे जटिल और संवेदनशील विषय को अत्यंत सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया है। नाटक की कथावस्तु जीवन के अधूरेपन को पारिवारिक सम्बंधों के विघटन के माध्यम से प्रस्तुत करने में सक्षम है। इस परिवार का हर सदस्य एक-दूसरे से कटा हुआ है। घर की हवा तक में उस स्थायी तल्खी की गन्ध है जो महेन्द्रनाथ, बड़ी बेटी, बिन्नी और अशोक के मन में ऊब, घुटन, आक्रोश, विद्रूप और दम घोंटनेवाली मनहूसियत के रूप में भरी हुई है। नाटक की भूमिका में पात्रों के परिचय से यह स्पष्ट है। मोहन राकेश के अनुसार, महेन्द्रनाथ में, "ज़िंदगी से अपनी लड़ाई हार चुकने की छटपटाहट", बड़ी बेटी में "संघर्ष का अवसाद", और व्यक्तित्व में "बिखराव" है। छोटी लड़की के "भाव, स्वर, चाल हर चीज़ में विद्रोह है" लड़के के "चेहरे से झलकती है ख़ास तरह की कड़वाहट।" भाई बहन में परस्पर संवाद केवल अपना आक्रोश और असंतोष व्यक्त करने के लिए होता है। उनमें परस्पर जोड़ने वाले स्नेहसूत्र का नितांत अभाव है। वे अपने जन्म की परिस्थितिवश भले ही एक परिवार में पैदा हुए हैं, उनमें आपसी सामंजस्य है ही नहीं। उनके आपसी सम्बन्ध का अधूरापन घर को एक सुखी परिवार के रूप में स्थापित करने के मिथक को झुठलाता है।<br><br>मोहन राकेश ने पात्रों की मन:स्थिति और संवेदनाओं की टकराहट को तीव्रता से प्रस्तुत किया है। वे सभी अतृप्त, असंतुष्ट, कुंठित क्रुद्ध और आतंकित हैं। इस अभिशप्त परिवार का हर एक सदस्य एक दूसरे से कटा हुआ है, घर की त्रासदायक हवा से वे अपने और एक दूसरे के लिए ज़हरीले हो रहे हैं। सावित्री और महेंद्रनाथ पति-पत्नी के सम्बंध के अधूरेपन को दर्शाते हैं। महेन्द्रनाथ सावित्री से मन ही मन प्रेम करता है, किंतु उसे जताना नहीं जानता। सावित्री भी उसे कभी चाहती रही होगी, पर विवाह के बाद उसके निकट आने पर उसके प्रति वितृष्णा का अनुभव करने लगी क्योंकि वह उसकी अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ है।, पति-पत्नी जब भी आमने-सामने पड़ते हैं, बात चाहे कहीं से भी शुरू हो, ताने बाजी, बहस, कटुता, आरोप-प्रत्यारोप पर जाकर अटक जाती है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | महेन्द्रनाथ की बेकारी की हालत में घर और बाहर का बोझ सम्हालते हुए सावित्री अत्यंत कटु हो गई और अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए परपुरुषों का सहारा चाहती है। बड़ी लड़की मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से भाग निकली, पर उसके असंतोष ने तब भी उसका पीछा नहीं छोड़ा। अधूरेपन और असंतोष की बेचैनी घर में नहीं बल्कि स्वयं उसके मन में है जिससे छुटकारा पाना संभव नहीं। लड़का, अशोक बेकार और दिशाहीन है। उसका जीवन आज के कांदिशीक युवा के अधूरेपन को प्रतिबिम्बित करता है। नौकरी की तलाश करने के बजाय वह पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की रंगीन तस्वीरें काटता हुआ इस इंतज़ार में है जब वह भी यहाँ से भाग सकेगा। अपने पिता के लिए उसके मन में करुणा है, मन ही मन उसे अपने पिता के बेचारेपन में अपना भविष्य दिखलाई देता है, और माँ के लिए केवल आक्रोश। वह बड़ी बहन के मनोज के प्रति प्रेम को केवल घर से निकलने का जरिया भर मानता है। क्योंकि प्रेम जैसी उदात्त भावना का उसके मन में अस्तित्व ही नहीं। छोटी लड़की किन्नी अपना बचपन न जी पाने को अभिशप्त है। वह माता, पिता, भाई, बहन - किसी के प्रति लगाव नहीं अनुभव करती। अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के पूरा ना होने पर 'कैंची की तरह जुबान चलाती है।' यौन सम्बन्धों में दिलचस्पी लेकर वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है। इस तरह तीनों युवा पात्र युवा पीढ़ी के मोह-भंग, दिशाहीनता और अधूरेपन को मूर्त करते हैं।<br><br>लेखक के अनुसार आज के समाज में हर व्यक्ति अपने आप में अधूरा है। सावित्री कहती है, 'सब के सब एक जैसे हैं। मुखौटे सबके अलग-अलग हैं, पर चेहरे सबके एक ही हैं।' उनका खण्डित व्यक्तित्व आज की महत्वाकाक्षिणी स्त्री की अपेक्षाओं की पूर्ति करने में असमर्थ है। जो लोग ज़िदगी से बहुत कुछ चाहते हैं उनकी तृप्ति अधूरी ही रहती है। कुल मिलाकर यह नाटक परिवार और विवाह जैसी परंपरागत संस्थाओं, मानवीय जीवन मूल्यों के अवमूल्यन और महत्वाकांक्षा की अंधी दौड़ में बेसुध व्यक्तियों के आंतरिक अधूरेपन को अनावृत करता हुआ अपने शीर्षक को पूरी तरह से सार्थक करता है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | **आधुनिक कहानी संग्रह - सरोजिनी शर्मा** | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(a) | हिन्दी कथा साहित्य की परम्परा में जयशंकर प्रसाद का एक विशिष्ट स्थान है\| प्रसाद छायावाद युग के प्रमुख कवि होने के साथ-साथ नाटककार, उपन्यासकार, कहानीकार और निबंधकार भी हैं। साहित्य की इन सभी विधाओं की भाषा पर उनके कवित्व की गहरी छाप परिलक्षित होती है। यही कारण है कि उनकी कहानियों में गद्य की भाषा में भी कविता की सी लय और माधुर्य सहित कलात्मक प्रांजलता के दर्शन होते हैं।<br><br>'पुरस्कार' कहानी में उन्होंने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रेम और कर्तव्य के संघर्ष में प्रेम के बलिदान का आदर्श प्रतिष्ठित किया है। कथानक की ऐतिहासिकता के साथ पात्रों की मानसिकता के अनुकूल वातावरण का चित्रण इस कहानी की विशेषता और कलात्मक सफलता है।<br><br>'पुरस्कार' कहानी के मुख्य पात्र कृषक कन्या मधूलिका और राजकुमार अरुण हैं। मगध के राजकुमार अरुण का प्रथम परिचय कौशल के उत्सव में मिलता है। इस उत्सव में कौशल देश के महाराज एक दिन के लिए कृषक बनते हैं। इस वर्ष इस उत्सव के लिए कृषक कुमारी मधूलिका का खेत चुना गया। राजकुमार अरुण बीजों का थाल लिए मधूलिका के भोले सौंदर्य और सरल चितवन के प्रति प्रथम दृष्टि में ही आकृष्ट हो गया। सब लोग महाराज का हल चलाना देख रहे थे, और अरुण देख रहा था कृषक-कुमारी मधूलिका को। रात्रि के उत्सव में उसका मधूलिका के पास पँहुच कर उसके प्रति अपने मनोभाव की अभिव्यक्ति करना उसके चरित्र की संवेदनशील विशेषता दिखाता है कि वह अपने हृदय की भावना को छिपाना नहीं जानता है और मधूलिका से 'मेरा हृदय तुम्हारी उस छवि का भक्त बन गया है, मैं मगध का राजकुमार तुम्हारे अनुग्रह का प्रार्थी हूँ।' कह कर प्रणय-निवेदन करता है। राजकुमार अरुण एक सहृदय युवक है जिसके लिए प्रेम राजकीय पद मर्यादा से नहीं बँधता है।<br><br>अरुण अपने प्रेम के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसके लिए वह कौशल नरेश के साथ मोर्चा लेकर मधूलिका को उसका खेत दिलवाने को भी तत्पर है। मधूलिका के एक कृषक कन्या और राजकुमार के बीच प्रणय संबंध की संभावना को अस्वीकार करने का क्षोभ उसको मधूलिका से विमुख करने की जगह उसके प्रेम को और भी सुदृढ़ करता है। वह वर्षों बाद मधूलिका से मिलने पर अपने मनोभाव 'कितना समझाया मैंने किंतु' कहकर व्यक्त करता है। समय के अंतराल और परिस्थितियों के बदलाव से उसके हृदय के प्रेम में कोई कमी नहीं आती। अरुण एक सच्चा प्रेमी है। मधूलिका भी मन ही मन उससे प्रेम करती है। उसके मगध से विद्रोह करके निर्वासित होकर जीविका खोजने के लिए लौटने पर मधूलिका भी उसका साथ देती है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(a) | राजकुमार अरुण वीर, साहसी और महत्वाकांक्षी है। वह मगध से निर्वासित होकर कौशल पर आधिपत्य कर एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना करके मधूलिका को राजरानी बनाने के स्वप्न देखता है। अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। इसके लिए वह मधूलिका की सहायता लेने से भी नहीं हिचकता है और कौशल नरेश से अपने लिए दुर्ग के दक्षिणी नाले के पास की भूमि की याचना करने भेजता है। किंतु यथार्थ स्थिति का पता चलने पर मधूलिका का अरुण के प्रति व्यक्तिगत प्रेम उसके देशप्रेम के सामने पराजित हुआ। कौशल नरेश को वस्तुस्थिति से अवगत कराके मधूलिका ने कौशल देश को एक विदेशी के हाथ में जाने से रोकने के लिए अपने प्रेम का बलिदान दिया। अपनी सेना तैयार करके कौशल नरेश पर आक्रमण करके एक स्वतंत्र राष्ट्र का अधिपति बनने की अरुण की योजना असफल हुई और वह अपने साहसिक अभियान में बंदी और अंत में प्राणदण्ड का भागी हुआ। उसके सच्चे प्रेम का प्रतिदान मधूलिका अपने लिए प्राणदण्ड की याचना कर अरुण के पास जाकर खड़े होने द्वारा करती है।<br>प्रसाद ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में राजकुमार अरुण के चरित्र में अटूट प्रेम, वीरता, साहस, महत्वाकांक्षा और दृढ़संकल्प जैसी चारित्रिक विशेषताओं का सफलता पूर्वक चित्रण किया है।<br>कहानी की सफलता लेखक की संवेदना को पाठक तक सम्प्रेषित करके अभिभूत करना है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | निर्मल वर्मा आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य के प्रतिनिधि कहानीकार हैं। 'सुबह की सैर' कहानी में निर्मल वर्मा ने वृद्धावस्था की एक सार्वजनीन समस्या का मार्मिक चित्रण किया है। बुढ़ापे का एकाकीपन कहानी में एक उदास वातावरण की तरह व्याप्त है। कहानी के मुख्य पात्र निहाल चन्द्र हैं जो मिलिटरी के अवकाश प्राप्त कर्नल हैं। वह विधुर हैं, बेटा विदेश में बसा है और वह घर में नितांत अकेले हैं। समय काटे नहीं कटता! अपने खालीपन को भरने और अपने उद्देश्यहीन जीवन को एक रूपरेखा देने के लिए सुबह की सैर को निकलने पर कभी-कभी संध्या तक वापस नहीं आते। लेखक ने उनके अकेलेपन का अत्यंत समानुभूति परक चित्रण किया है। चलते समय साँस लेने में कष्ट होने पर भी कोई पूछने वाला नहीं है, अपनी इस नियति को वे पूरी तरह से जानते और स्वीकारते हैं।<br><br>ऐसे में अतीत कि परछाइयाँ कभी-कभी उनका पीछा करती हैं। मिलिटरी में सक्रिय जीवन बिताने के बाद जीवन की निष्क्रियता बहुत अखरने वाली है, किंतु वे अपने अतीत को याद नहीं करते, 'पुरानी ज़िंदगी का एक हिस्सा साँस लेने ऊपर आता था - फिर छप से अंधेरे में डूब जाता - और निहाल चन्द्र तेजी से कदम बढ़ाते हुए जंगल में गुम हो जाते।' पूरी कहानी में अकेलेपन और उदासी का धुंधलापन है जिसका अंत निहाल चन्द्र के गले में रस्सी बाँधकर लटकने से होता है। बुढ़ापे की एक यथार्थ समस्या का लेखक ने अत्यंत मार्मिक रूप से चित्रण किया है, कहानी में निहाल चन्द्र का अंत अत्यंत दु:खद होने के बावज़ूद उनकी मुक्ति भी है। यह एक मानवीय समस्या को निरूपित करने वाली भावप्रवण कहानी है। कथानक के विस्तृत विवरण सहित उस पर टिप्पणी अपेक्षित है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक - अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | 'टूटा पहिया' अभिमन्यु अनत की एक विशिष्ट कहानी है। लेखक ने स्वतंत्रता के दस वर्षों में आये आधुनिकी-करण के जोश में जीवन मूल्यों के अवमूल्यन को भयवा यूसुफ नाम के तांगा चालक की कहानी के माध्यम से चित्रित किया है। स्वतंत्रता के बाद के दस साल उसकी अपनी ज़िंदगी के पहले साठ सालों से भी लम्बे थे। जन साधारण ने देश की स्वाधीनता से जो बड़ी-बड़ी आशाएँ बाँध रखी थीं, दस सालों में उन्हें निराशा ही हाथ लगी। भयवा यूसुफ की कहानी से लेखक ने स्वतंत्रता के बाद आये परिवर्तन का मूल्यांकन किया है। उसकी जीविका का आधार तांगा जब सड़क से बंद कर दिया जाता है तो वह अपना प्रतिरोध भत्ते की राशि को अस्पताल के नाम दान कर व्यक्त करता है। स्वतंत्रता समारोह में प्रसिद्ध गायिका के आने की सूचना से उत्साहित होकर मण्डप में पहुँचने पर भी उसे निराशा ही मिलती है। लौटते समय पर्यटन विभाग की नुमाइशी लॉरी पर हवाई जहाज की अगवानी करते हुए तांगे को देखकर उसका हृदय काँप उठता है। देश की आज़ादी पर सबसे बड़ा व्यंग्य यह है कि जिस तांगे को सरकार ने शहर से निष्काषित कर कोचवानों की जीविका का हरण किया, वही तांगा जश्न के जुलूस में सबसे आगे है। देश की इस तथाकथित प्रगति में ना जाने कितने तांगेवालों की रोजी-रोटी छिन गई। नगर-पालिका के निर्णय का शिकार भयवा यूसुफ अकेला नहीं है। कहानी का शीर्षक प्रगति के टूटे पहिये का प्रतीक है। कहानीकार का उद्देश्य यह रेखांकित करना है कि देश की आज़ादी से साधारण जनता के जीवन में कोई प्रगति नहीं हुई। इसके विपरीत साधारण आदमी अपनी आजीविका का साधन तक खो बैठा। इस बात की कटुता और निराशा भयवा यूसुफ की सोच में व्यक्त हुई है। उसको लगता है कि स्वतंत्रता के बाद उसका जीवन जैसे एक जगह आकर रुक गया है।<br>स्वाधीनता के बाद के इस मोहभंग को अभिमन्यु अनत ने अपनी सक्षम शैली में वर्णित किया है जो पाठक की संवेदना को स्पर्श करती है। कहानी के अंत में हताश भयवा यूसुफ का धरती पर बैठे रहना उसके मोहभंग की करुण छवि बन कर पाठक की चेतना को झकझोर कर देश की तथाकथित प्रगति पर एक प्रश्न-चिन्ह बन जाता है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | मॉरिशस के प्रतिष्ठित हिन्दी कथाकारों में रामदेव धुरंधर का प्रमुख स्थान है। 'विष-मंथन' एक सामाजिक कुण्ठा तथा परंपरा और आधुनिकता के वैचारिक संघर्ष को अत्यंत संवेदनशील रूप से चित्रित करती है। मुख्य पात्र राजन के पिता पच्चीस वर्ष जेल की सजा पाने के बाद घर वापस आने वाले हैं। इस बीच घर की स्थिति में अत्यधिक परिवर्तन आ चुका है। पापा की किताबों को दीमक लग जाने के कारण जला दिया गया, उनकी हनुमान की मूर्ति को, जिसकी वे प्रतिदिन पूजा करते थे, घर के पिछवाड़े के पत्थरों की मेड़ पर रख दिया गया, राजन का बेटा कंकड़ फेक कर उसको खण्डित किया करता था। राजन ने अपने पिता के कट्टर शत्रु की बेटी से विवाह कर लिया। राजन की पत्नी के दबाव से शाकाहारी परिवार मांसाहारी बन चुका था। ऐसे में पिता के लौटने की सूचना राजन के लिए हर्ष की जगह दुश्चिंता का कारण बन गई। इस समस्या को सुलझाने के लिए अपने चाचा के पास जाने पर उसे निराशा ही मिलती है। राजन के मानसिक द्वंद्व का कारण यह है कि 'वह पच्चीस वर्ष पहले का राजन था और पच्चीस वर्ष बाद का भी।' उसका संघर्ष पारम्परिक एवं आधुनिक संस्कारों का संघर्ष है। उसकी पत्नी को इसके प्रति कोई सहानुभूति नही। ऐसी स्थिति में वह अपने को नितांत अकेला पाता है। यही दुविधा माँ के व्यवहार में प्रतिफलित हुई है। बहू के दबाव में आकर मछली खाने को बाध्य माँ पति के लौटने की सूचना से पुनः शाकाहारी बन कर मानों पच्चीस वर्ष के अंतराल को पाटना चाहती है। कहानी के अंत में पिछवाड़े की मेड़ से पत्थर लाकर एक चबूतरा तैयार कर माँ का हनुमान की भग्न मूर्ति की स्थापना करना और राजन का माँ की सहायता के लिए हाथ बढ़ाना पारम्परिक मूल्यों की प्रतिष्ठा करने का प्रतीक होने के साथ राजन के अंतर्द्वद्व का सांकेतिक समाधान भी है।<br><br>रामदेव धुरंधर की कहानी 'विष-मंथन' का शीर्षक राजन के समस्याग्रस्त पारिवारिक जीवन में घुले विष का प्रतीक है। उसका संघर्ष पारम्परिक और आधुनिक संस्कारों तथा जीवन शैली से उपजा है। राजन अपनी पत्नी और माता-पिता के संस्कारों के मध्य त्रिशंकु की तरह लटका हुआ है। कहानी के अंतिम वाक्य में लेखक ने उसे एक सकारात्मक परिणति दी है, मानो विष मंथन के बाद अमृत निकला हो।<br><br>मॉरिशस की सामाजिक स्थिति का यथार्थवादी चित्रण, राजन की मानसिक ऊहापोह, मोना और माँ के संस्कारों का टकराव, चाचा की स्वार्थपरता आदि के विस्तृत विवरण अत्यंत प्रवाहमयी भाषा में सफलता से किए गए हैं। 'विष-मंथन' कथाशिल्प की परिपक्वता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। | **25** |